राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

बिहार लोक भवन, पटना–800022

संख्या–52/2026

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने गृह (पुलिस) विभाग की गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की

पटना, 10 अप्रैल, 2026:– माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सय्यद अता हसनैन ने बिहार लोक भवन, पटना में गृह (पुलिस) विभाग की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा महत्वपूर्ण निदेश दिए।

बैठक में पावर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से बिहार पुलिस का इतिहास, विजन, मिशन एवं लक्ष्य, विशिष्ट इकाइयों सहित पुलिस थानों का विवरण, राज्य में अपराध की प्रवृत्तियाँ, पुलिस द्वारा उपलब्ध कराई जा रही नागरिक सेवाएँ, विधि–व्यवस्था का संधारण, अपराध की रोकथाम एवं नियंत्रण के उपाय, नकली भारतीय मुद्रा का प्रचलन, मादक पदार्थों की जब्ती, मानव तस्करी से संबंधित मुद्दे, वामपंथी उग्रवाद की वर्तमान स्थिति, एकीकृत आपराधिक निगरानी प्रणाली, शराबबंदी का प्रवर्तन, यातायात प्रबंधन, मादक पदार्थों की तस्करी पर नियंत्रण, पुलिस अवसंरचना तथा आधुनिकीकरण एवं तकनीकी समावेशन आदि से संबंधित बिन्दुओं पर विस्तार से बताया गया।

बैठक में भारत–नेपाल सीमा से सटे बिहार के जिलों की जनांकिकीय प्रोफाइल एवं संबंधित पहलुओं पर भी विस्तृत जानकारी दी गई। अवगत कराया गया कि भारत–नेपाल के बीच खुली अंतर्राष्ट्रीय सीमा की कुल लंबाई 1,751 किलोमीटर है, जिसमें से लगभग 730 किलोमीटर बिहार में स्थित है। सीमा क्षेत्र में लक्षित 554.085 किलोमीटर सड़क निर्माण के विरुद्ध अब तक 529.09 किलोमीटर का कार्य पूर्ण किया जा चुका है।

बैठक में पुलिस महानिदेशक श्री विनय कुमार के अतिरिक्त अन्य वरीय पुलिस पदाधिकारीगण तथा राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारीगण व अन्य लोग उपस्थित थे।

....